भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 598

दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

पश्चिमी राजस्थान में संभावित पोटाश खनिज भंडार

598. श्री कुलदीप इंदौराः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों सहित पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में संभावित पोटाश खनिज भंडारों की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो उक्त क्षेत्रों में अब तक किए गए भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों और अन्वेषणों के आधार पर पोटाश के अनुमानित भंडारों का ब्यौरा क्या है तथा चिह्नित किए गए स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संभावित पोटाश भंडारों के उत्खनन के लिए किसी खनन ब्लॉक की नीलामी की गई है या कोई नीलामी प्रक्रिया प्रस्तावित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार पोटाश उर्वरक आयात पर देश की निर्भरता को कम करने और उक्त भंडारों के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशिष्ट योजना तैयार कर रही है; और

(ङ) उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन की संभावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री

(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) और (ख): राजस्थान में पोटाश के संसाधनों का स्थान-वार विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ग): सरकार ने राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में समेकित लाइसेंस प्रदान करने के लिए पोटाश के दो ब्लॉकों की नीलामी की है। विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	ब्लॉक का नाम	सामग्री	वर्ष
1.	झंडावली-सतीपुरा अमलगमेटेड पोटाश और हैलाइट ब्लॉक, हनुमानगढ़, राजस्थान	पोटाश और हैलाइट	2025-26
2.	जोर्कियान-सतीपुरा-खुंजा अमलगमेटेड पोटाश और हैलाइट ब्लॉक, हनुमानगढ़, राजस्थान	पोटाश और हैलाइट	2025-26

(घ) और (ङ): खनिज ब्लॉक की नीलामी के पश्चात्, अधिमान्य बोलीदाता आगे के गवेषण, व्यवहार्यता और आर्थिक व्यवहार्यता संबंधी अध्ययन करता है। क्षेत्रीय औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन आदि ऐसे अध्ययनों के बाद शुरू किए गए खनन संबंधी प्रचालनों पर निर्भर करतें हैं।

*****

अनुलग्नक-I

राजस्थान राज्य में स्थापित पोटाश संसाधनों का स्थानवार विवरण

क्र.सं.	जिला	ब्लॉक	यूएनएफसी स्टेज	संसाधन (मिलियन टन में)
1.	बीकानेर	हंसेरान	जी4	16.13
2.	बीकानेर	लाखासर	जी3	108.98
3.	बीकानेर	लाखासर उप-बेसिन	जी3	25.94
4.	बीकानेर	लाखासर पूर्व	जी3	24.76
5.	फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब), श्रीगंगानगर (राजस्थान)	फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब और श्रीगंगानगर	जी4	194.58
6.	हनुमानगढ़	भरुसरी उत्तर	जी3	5.84
7.	हनुमानगढ़	भरुसरी उप-बेसिन	जी3	12.83
8.	हनुमानगढ़	बावरियावाली ढाणी दक्षिण पूर्व	जी3	4.03
9.	हनुमानगढ़	चिश्तियां साउथ	जी2	6.61
10.	हनुमानगढ़	धनकोवाली ढाणी उत्तर	जी3	74.22
11.	हनुमानगढ़	झंडावाली नॉर्थ	जी3	8.24
12.	हनुमानगढ़	जोरकियां साउथ	जी3	17.77
13.	हनुमानगढ़	जाखंरावाली	जी4	3.39
14.	हनुमानगढ़	झंडावाली साउथ	जी3	9.51
15.	हनुमानगढ़	खुंजा उत्तर पश्चिम	जी3	12.39
16.	हनुमानगढ़	मक्कासर	जी3	7.61
17.	हनुमानगढ़	मक्कासर नॉर्थ	जी3	11.35
18.	हनुमानगढ़	नई बस्ती	जी3	6.16
19.	हनुमानगढ़	सतीपुरा उप-बेसिन	जी3	133.07
20.	हनुमानगढ़	चिश्तियां	जी3	15.38
21.	हनुमानगढ़	जोरकियां नॉर्थ	जी3	5.43